दैनिक
# न्याय साक्षी

खबरें खास

रायगढ़, मंगलवार 12 नवम्बर 2019

www.nyaysakshi.com



## महत्वपूर्ण एवं खास

### आंगन में अवैध बिक्री के लिये रखी महुआ शराब जब्त

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना प्रभारी कोसीर निरीक्षक जे0आर0 चौहान एवं हमराह मुखबिर सूचना पर दिनांक 10-11-19 के शाम को ग्राम सिंघनपुर के घसिया उर्फ कर्रा लहरे पिता द्वारू लहरे उम्र 48 वर्ष के घर शराब रेड के लिये दबिश दिया गया। आरोपी अपने आंगन के पास नहाने के स्थान पर दो पीले रंग की 05-05 लीटर क्षमता वाली जरीकेन में हाथ भट्ठी का बना महुआ शराब बिक्री के लिये रखा हुआ था। आरोपी के पास से 10 लीटर महुआ शराब किमती 1,000 रूपये जप्त कर धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

### दो नाबालिग लापता, रिपोर्ट दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना पुसौर अंतर्गत दिनांक 11.11.19 को 13 वर्ष की बालिका एवं थाना खरसिया में 14 साल के बालक के गुम हो जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है। बालिका के पिता ने बताया कि दिनांक 10.11.19 के के सुबह दोनों पति-पत्नी बाहर गये हुये थे। घर पर बच्चे थे, शाम को वापस आये तो लड़की घर पर दोपहर से नहीं है बताये। जिसे पता तलाश किये नहीं मिली है। बालक के पिता ने बताया कि दिनांक 08.11.19 को सुबह 05:30 बजे बालक घर में पढ रहा था जो घर में बिना कुछ बताये कहीं चला गया है। वहीं दूसरे मामले में दिनांक 10.11.19 को थाना छाल में 14 वर्षीय बालिका दिनाँक 09-11-2019 की रात घर से अपने कपड़े आदि लेकर कहीं चले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है, बालिका के पिता ने गांव के एक युवक पर उसकी नाबालिग बालिका को भगा ले जाने की शंका व्यक्त किया गया है। उपरोक्त मामलों में धारा 363 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष एवं सचिव का दौरा कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष रामजी भारती एवं सचिव बी.एल.बंजारे 19 एवं 20 नवम्बर 2019 को दो दिवसीय रायगढ़ जिले के प्रवास पर रहेंगे। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के तहत छ.ग.राज्य अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष भारती एवं सचिव बंजारे 19 नवम्बर को रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 2 बजे रायगढ़ आयेंगे एवं सायं 4 से 6 बजे तक अनुसूचित जाति वर्ग के जनप्रतिनिधयों एवं अजाक्स के प्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे एवं समस्याओं के संबंध में चर्चा करेंगे। 20 नवम्बर को प्रात:10.30 बजे से 11.30 बजे तक नगर निगम परिक्षेत्र के सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के संबंध में प्रतिनिधियों से भेंट एवं चर्चा करेंगे। दोपहर 12 से 1.30 बजे तक आदिवासी विकास से मांग संख्या 64-49 अनुसूचित जाति मद अंतर्गत प्राप्त आबंटन एवं व्यय के संबंध में चर्चा करेंगे एवं अपरान्ह 3 बजे से शाम 6.30 बजे रायगढ़ से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आईटीआई उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार 15 नवम्बर को

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था रायगढ़ में 15 नवम्बर को प्रात:10 बजे से अशोक लेलैण्ड लिमिटेड (गल्फ एशले मोटर्स)के द्वारा व्यवसाय मोटर मैकेनिक अथवा डीजल मैकेनिक के आईटीआई उत्तीर्ण उम्मीदवारों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया है। उम्मीदवारों को अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग स्कीम के तहत प्रतिमाह 12000 रुपए स्टायपण्ड भुगतान किया जावेगा। इच्छुक उम्मीदवार सभी मार्कशीट की मूल प्रति एवं छायाप्रति, बायोडाटा, पैनकार्ड, आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो एवं स्कूल लीविंग सर्टिफिकेट के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित हो सकते है।

### सभा, शोभायात्रा, रैली आदि कार्यक्रमों के अनुमति लेना जरूरी

» तीन दिन पूर्व करना होगा आवेदन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**अनुविभागीय दण्डाधिकारी रायगढ़ ने रायगढ़ अनुविभाग अंतर्गत के समस्त जनसामान्य को सूचित करते हुए बताया कि किसी सभा, शोभायात्रा, रैली, प्रदर्शन आदि कार्यक्रमों के लिए अनुमति ली जाती है, तो इस संबंध में अनुविभागीय दण्डाधिकारी कार्यालय रायगढ़ में निर्धारित प्रारूप में आयोजित कार्यक्रम की अनुमति हेतु कम से कम तीन दिन पूर्व आवेदन करना होगा। अन्यथा बाद में प्रस्तुत किये जाने वाले आवेदन पर विचार किया जाना अनिवार्य नहीं होगा।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 13 नवम्बर तक आवेदन आमंत्रित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**अनुविभाग सारंगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत जसरा, ग्राम पंचायत खर्री बड़े एवं ग्राम पंचायत बरभांठा (ब) में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान का आबंटन किया जाना है। इच्छुक महिला स्व-सहायता समूह, वन समिति, सहकारी संस्थाएं, ग्राम पंचायत एवं अन्य सहकारी समिति 13 नवम्बर 2019 तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय सारंगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है।

### फुलकुंवर की असामायिक मृत्यु पर पति को 4 लाख रुपए की सहायता राशि स्वीकृत

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**तहसील रायगढ़ के राजीव गांधी नगर, टीपी नगर जूटमिल रायगढ़ की फुलकुंवर महंत की 29 नवम्बर 2016 को शीत लहर ठंड से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर रायगढ़ द्वारा एसडीएम रायगढ़ की अनुशंसा पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक के पति परमानंद महंत को 4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## सड़क निर्माण में लगी कम्पनी व ट्रक चालक पर जुर्म दर्ज

### छोटे भंडार के पास हुई थी सड़क दुर्घटना, जांच में जुटी पुलिस

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** बीते दिनों दिनांक 07 अक्टूबर के शाम छोटे भण्डार के पास मुख्य मार्ग में सड़क दुर्घटना में दो व्यक्ति फौत हो गई थी तथा तीन घायल है। घटना के संबंध में थाना पुसौर में दुर्घटना कारित ट्रक वाहन क्रमांक ओडी 09जी-8420 तथा सड़क निर्माण में लगी कंपनी जे0के0 गोर्वर के अधिकारियों को अपराध क्रमांक 224/19 धारा 279,337,304(ए) आईपीसी में आरोपी बनाया गया है।




मिली जानकारी के अनुसार छोटे भण्डार के पास मुख्य मार्ग में दिनांक 07/11/2019 को शाम करीब 19:30 बजे ट्रक वाहन क्रमांक ओडी 09 जी 8420 का अज्ञात चालक वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक चलाकर राह चलते अजय कुमार, अनिल, अनिल कुमार ,प्रमोद कुमार ,रविन्द्र कुमार को ठोकर मार दिया जिससे सभी को गंभीर चोंटे आई एवं मौके पर ही अजय कुमार पिता राम लाल उम्र 29 वर्ष निवासी बेलखुरी थाना पन्नुगंज एवं अनिल कुमार पिता रामचंद उम्र 34 वर्ष निवासी खैरबा थाना पन्नुगंज जिला सोनभद्र की मौत हो गई।

शेष घायलो में प्रमोद कुमार का पैर टुट गया है तथा अनिल कुमार, रविन्द्र कुमार को भी चोंटें आई है जिन्हें जिला अस्पाताल रायगढ में ईलाज के लिये भर्ती कराया गया हैं। मृतको के मौत के संबंध में थाना पुसौर में मर्ग क्रमांक 70/19, 71/19 धारा 174 जा0फौ के तहत मर्ग पंजीबध्द कर पंचनामा विवेचना में लिया गया।

मर्ग जांच में प्रत्यक्षदर्शी गवाह, ग्रामवासियो के कथन एवं घटनास्थल निरीक्षण पर पाया गया की रायगढ से सारंगढ मार्ग का निर्माण कार्य जे0के0 गोर्वर कम्पनी द्वारा किया जा रहा है। काफी दिनो से घटनास्थल छोटे भंडार में सडक के आधा हिस्से का निर्माण में एजेंसी जे0के0 गोर्वर कम्पनी द्वारा काफी दिनो से करीब 4 फीट गढ्ढा कर छोड दिया गया हैं जहा पर किसी प्रकार से सुरक्षात्मक एवं संकेतात्मक संकेत जैसे लाल रिबन का घेराव, सूचना पटल, रात्रि कालीन संकेत लाल रेडियम नहीं लगाया गया है। निर्माण कार्य में लगे संबंधित विभाग के सुपरविजन अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की जा रही है ।

## सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को दिया जायेगा गुड सेमेरिटन पुरस्कार

### » कटाईपाली हायर सेकेंडरी स्कूल में छाल पुलिस का जागरूकता कार्यक्रम

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना छाल अन्तर्गत कटाई पाली सी हॉयर सेकंडरी स्कूल में दिनांक 11.11.19 को छाल पुलिस के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी, एटीएम फ्रॉड, साइबर अपराध व्हाट्सअप, फेसबुक से होने वाले अपराध, महिला एवम् बच्चों से संबंधित अपराधों एवं उनसे बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस दौरान आपातकालीन सेवा 112 वाहन का डेमो दिया गया, महिला हेल्प लाइन न.181 से बातचीत कर छात्राओं को अपनी समस्या या शिकायत बेझिझक बताने समझाया गया। साथ ही थाना प्रभारी छाल उप निरीक्षक अनिल अग्रवाल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायलों की मदद करने वालों को गुड सेमेरिटन (अच्छे व्यक्ति) के रूप में थाना से सम्मानित किया जावेगा। भारत सरकार एवं गृह मंत्रालय द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप अच्छे व्यक्ति को पुलिस एक्सीडेंट के मामले में उसकी इच्छा अनुसार ही गवाह बनाने के साथ पूछताछ किया जावेगा। इसका मकसद है कि लोग घायलों को तुरंत सहायता मुहैया कराने के लिए आगे आयेंगे। थाना प्रभारी द्वारा नये मोटर वाहन अधिनियम के तहत यातायात नियम का उल्लंघन करने पर होने वाले जुर्माने की भी जानकारी दिया गया और छात्राओं को अपने अभिभावकों को शराब पीकर वाहन चलने न देने, हेलमेट पहन कर बाइक नहीं चलाने को प्रेरित करने के लिये बोले।



## महिला को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ना, मामला दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जुटमिल में दिनांक 10.11.19 को सोनभद्र (उप्र) में रहने वाली युवती द्वारा लेबर कलोनी जूटमिल में रहने वाले उसके पति लखन गोंड, सास मीना देवी, ससूर सुर्यनाथ गोड और जेठानी सीमा देवी के विरूद्ध प्रताड़ित करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है।

पीड़िता ने बताया कि दिसम्बर 2018 में इसकी शादी लखन गोंड के साथ हुई है। शादी के 03 माह बाद से इसे इसके ससुरालवाले प्रताड़ित कर रहे हैं जिससे यह अपने पिता को बुलाकर अपने मायके चली गई। मायके में इसने पुत्री को जन्म दिया, पति या ससुराल वाले लेने नहीं आये तो दिनांक 01.11.19 को रायगढ़ आयी तब इसका पति बुरा भला कहकर झगड़ा करने लगा तो युवती डॉयल 112 को कॉल कर बुलायी। ससुरालवालों के द्वारा घर से भागने पर चौकी जुटमिल में दिनांक 10.11.19 को रिपोर्ट दर्ज करायी जिस पर अप.क्र. 981/19 धारा 498(ए),34 भादवि दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## तीन दिवसीय योग शिविर संपन्न



**न्याय साक्षी /रायगढ़।**राज्य परियोजना कार्यालय के आदेशनुसार एवं जिला प्रशासन के निर्देश पर तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण 4 से 6 नवंबर 2019 तक पंचायत सचिव प्रशिक्षण केंद्र रायगढ़ में संपन्न हुआ। योग शिविर का समापन कार्यक्रम में सहायक संचालक शिक्षा श्रीमती दीप्ति अग्रवाल के द्वारा किया गया। श्रीमती अग्रवाल अपने उद्बोधन के दौरान व्यायाम एवं योग से संबंधित विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया एवं उनके संबंध में विस्तृत जानकारी दी तथा अपन-अपने स्कूलों में योग को कराने के लिए विशेष बल दिया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति एस. के. कर्ण, एपीसी समग्र शिक्षा राम कुमार चौहान, भुनेश्वर पटेल एवं भूपेन्द्र पटेल उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम में जिले के समस्त विद्यालयों के पीटीआई तथा तीन मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित थे।

## रेलवे पटरी के किनारे अलग-अलग जगह मिली दो युवकों की लाश, पुलिस जुटी जांच में

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ में रेलवे पटरी के उपर अलग-अलग जगहों पर दो युवकों की शव मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के चक्रधनगर रेलवे फाटक व किरोड़ीमल रेलवे लाईन के पास दो लोगों की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस ने लाश की शिनाख्ती करने पर




पता चला कि संजय नगर निवासी अजय यादव (26) चक्रधर नगर थाना क्षेत्र की एक किराना दुकान में काम करता था। रविवार देर रात दुकान से काम खत्म करने बाद वह घर के लिए निकला था। थोड़ी ही देर में डायल 112 को सूचना मिली की रेलवे फाटक के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। वहीं भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के डुमरपाली निवासी चक्रधर साहू का पुत्र रोशन लाल साहू (19) पीडी कालेज रायगढ़ में बीकाम प्रथम वर्ष का छात्र था। शनिवार देर रात करीब 9 बजे खाना खाने के बाद सभी लोग घर पर सोने के लिए चले गए। इसी बीच रोशन टहलने की बात कह घर से निकल गया।

काफी देर तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल सका। सुबह रेलवे लाइन पर उसका रक्तरंजित शव मिला। लोग जहां आत्महत्या की आशंका जता रहे हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बहरहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा कि दोनों युवकों की ट्रेन से कटने का मुख्य वजह क्या है?

## अवैध धान की आवक को रोकने सक्रियता से कार्य करें अधिकारी-कर्मचारी-कलेक्टर



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।**कलेक्टर यशवंत कुमार ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 में किसानों से धान उपार्जन का कार्य 1 दिसम्बर 2019 से 15 फरवरी 2020 तक किया जायेगा। धान खरीदी अवधि के दौरान एवं उसके पहले अवांछित व्यक्तियों द्वारा अन्य राज्यों से धान लाकर प्रदेश के खरीदी केन्द्रों में खपाने का प्रयास किया जाता है। इसे रोकने के लिए जिले के 13 सीमावर्ती धान उपार्जन केन्द्र रायगढ़ विकासखण्ड में जामगांव, लोईंग, पुसौर विकासखण्ड के लारा रेंगालपाली, बरमकेला विकासखण्ड में अमलीपाली, दुलोपाली, सरिया, झिंकीपाली, बड़े नवापारा, लुकापारा, सांकरा, विकासखण्ड लैलूंगा में लिबरा एवं विकासखण्ड तमनार में धौराभांठा है। उन्होंने सीएसपी को 10 चेकपोस्ट में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने के लिए निर्देशित किया।

कलेक्टर यशवंत कुमार ने एसडीएम से कहा कि खेतों में अतिक्रमण करने वाले किसानों से फसल की जप्ती कड़ाई से करना सुनिश्चित करें। उन्होंने समय-सीमा से बाहर राजस्व प्रकरणों के निराकरण के कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्लम पट्टों के नवीनीकरण की जानकारी ली।

## ई साक्षरता केन्द्र से दिव्यांग ज्योति के जीवन में आई ज्योति की किरण

» खुद साक्षर होकर दूसरे को दे रही कम्प्यूटर प्रशिक्षण

» मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम ई साक्षरता केन्द्र का हो रहा है सफलता पूर्वक संचालन



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।**छत्तीसगढ़ शासन की मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत रायगढ़ विकास खण्ड के ग्राम विजयपुर की दिव्यांग कु.ज्योति प्रजा ने ई-साक्षरता केन्द्र विजयपुर में एक माह का कम्प्यूटर कोर्स सफलता पूर्वक संपन्न किया। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि अब उनके जीवन में ज्ञान ज्योति ने जीवन को प्रकाश मान कर दिया है। उन्होंने शासन की योजना की सराहना करते हुए कहा कि पूर्व में संचालित ई साक्षरता केंद्र विजयपुर से एक माह का नियमित कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्राप्त कर मूल्यांकन में सफलता हासिल की और अपने कौशल को ज्यादा बढ़ाने के लिए कम्प्यूटर दुकान में भी कार्य करने लगी, जिससे अपने दक्षता को बढ़ाने में मदद मिल रही है। साथ ही आर्थिक रूप से सक्षम हो रही है। कु ज्योति प्रजा ने छत्तीसगढ़ शासन, जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री शहरी कार्यात्मक साक्षरता कार्यक्रम ई साक्षरता केन्द्र का जिला परियोजना अधिकारी डी. के. वर्मा, सहायक जिला परियोजना अधिकारी एस के प्रधान, ई एजुकेटर श्रीमती सरस्वती सोनी, भोला यादव के द्वारा कुशलता पूर्वक संचालन किया जा रहा है।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लोईंग में गर्भवती महिलाओं का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**न्याय साक्षी/ रायगढ़।**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लोईंग में 9 नवम्बर को गर्भवती महिलाओं के लिए शिविर आयोजित किया गया। स्त्री रोग विशेषज्ञ और डाक्टरों की टीम ने गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया साथ ही मां और बच्चे से स्वस्थ रखने के लिए प्रसव से पहले कम से कम चार बार अपना जांच अनिवार्य करने की सलाह दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया कि सुरक्षित प्रसव कराने से जच्चा बच्चा सुरक्षित रहते हैं। साथ ही गर्भवती महिलाओं को संस्थागत प्रसव कराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## नजूल पट्टा नवीनीकरण के लिए आवेदन करें पट्टेदार

» 15 दिवस के भीतर करना होगा नजूल अधिकारी के पास आवेदन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर नजूल अधिकारी रायगढ़ के द्वारा जारी स्थाई पट्टा जिसकी अवधि 31 मार्च 1992 को समाप्त हो चुकी है, जिसका पट्टा नवीनीकरण किये जाने के संबंध में पट्टेदार द्वारा आज तक आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया है। पट्टेदार नियमानुसार नजूल पट्टा नवीनीकरण करने के संबंध में आवेदन पत्र, शपथ पत्र दस्तावेज (मूल पट्टे की प्रति, नामांतरण आदेश की प्रति, वर्तमान मेंटनेस खसरा की प्रति) के साथ 15 दिवस के भीतर नजूल अधिकारी, कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकते है। आवेदन पत्र प्रस्तुत नहीं करने पर पट्टा निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480